

# मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, बुधवार, 13 नवम्बर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में तीन दिवसीय क्षेत्रीय यूथ फेस्टिवल का शानदार समापन

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

**बल्लबगढ़ 11 नवम्बर।** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में 10 से 12 नवम्बर 2024 तक चलने वाले तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन देवेंद्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष, (अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता , महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी एवं डॉ संजीव कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में एवं स्टूडेंट वेलफेयर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, के प्रायोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस युवा महोत्सव की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेजों ने प्रतिभागिता दर्ज कराई। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के समापन दिवस पर 37 कॉलेजों के लगभग 215 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। क्षेत्रीय युवा महोत्सव के समापन दिवस के प्रातः उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलशन लाल तनेजा, रजिस्ट्रार एमडीयू रोहतक और सम्मानित अतिथि देवेंद्र कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ एवं सांयकालीन सत्र मे मुख्य अतिथि प्रो ए.एस मान, डीन एकेडमिक अफेयर्स एमडीयू रोहतक सम्मानित अतिथि प्रो.राजेश पूनिया, भौतिकी विभाग अध्यक्ष, एमडीयू रोहतक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो गुलशन लाल तनेजा ने अपने संबोधन में अग्रवाल कॉलेज को इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव के भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हार भी जीवन में महत्वपूर्ण है क्योंकि वो आपको आगे बढ़ना सिखाती है। योग्यता, कोशिश और नज़रिया सफल जीवन का सूत्र होता है। सामूहिक कार्य के प्रदर्शन के दौरान जरूरी है कि प्रत्येक प्रतिभागी अपना सर्वश्रेष्ठ दे। सम्मानित अतिथि देवेंद्र कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि कॉलेज आगामी समय में और अच्छे परिणामों के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों और कहानियों के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में इन गतिविधियों के महत्व को बताया। विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तृतीय दिवस के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का बेहतरीन और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलता पूर्वक किया गया।

सांयकालीन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो ए एस मान ने सर्वप्रथम अग्रवाल कॉलेज को कुशल प्रबंधन के लिए और विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना महत्व शिक्षा का है उतना ही इस प्रकार की गतिविधियों का भी है। इस प्रकार के कार्यक्रम केवल उनमें कौशल विकास के लिए ही नहीं बल्कि एक बड़े स्तर पर उन्हें पहचान बनाने के लिए भी जरूरी है।




सम्मानित अतिथि प्रो. राजेश पूनिया ने सभी प्रतिभागियों के जोश और उमंग की सराहना करते हुए कहा कि इसी जोश और उमंग के साथ कार्य किया जाए तो विद्यार्थी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हार जीत जीवन में लगी रहती है जरूरी है कि युवा प्रत्येक स्थिति मे संतुलन बनाए रखे।

तृतीय दिवस पर विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने रंगोली, कव्वाली, फोटोग्राफी, सामूहिक लोक नृत्य, हरियाणवी सामूहिक गायन सहित कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। अंत में जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद प्रथम, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वितीय और श्रीमती सुषमा स्वराज गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज बल्लबगढ़ के साथ साथ अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल, नॉन पर्कशन में पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा गवर्नमेंट पीजी नेहरू कॉलेज झज्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य, पुरुष वर्ग मे अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान फरीदाबाद ने द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य, महिला वर्ग मे प्रथम स्थान पर के.एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन प्रथम, डीएवी सैंटनरी कॉलेज द्वितीय और सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल तृतीय स्थान पर रहा। सामूहिक गायन,जनरल में के.एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन प्रथम, पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद द्वितीय और डीएवी सैंटनरी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। लाइट म्यूजिक वोकल वेस्टर्न सॉन्ग वेस्टर्न, एकल में के. एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन प्रथम, द्वितीय स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ और तृतीय स्थान पर पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद रहा। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट, एकल में प्रथम स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़, द्वितीय स्थान पर डीएवी सैंटनरी कॉलेज और तृतीय स्थान पर के. एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन रहा। हरियाणवी कविता गायन में डीएवी सैंटनरी कॉलेज प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग मे डीएवी सैंटनरी कॉलेज प्रथम, वी.ए.एस.एम कॉलेज बहादुरगढ़ द्वितीय और सुषमा स्वराज गवर्नमेंट कॉलेज बल्लबगढ़ के साथ साथ गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान भी तृतीय स्थान पर रहा। पंजाबी कविता गायन मे डीएवी सैंटनरी कॉलेज प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन फरीदाबाद द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी वाद विवाद,पक्ष मे पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज प्रथम, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल द्वितीय और सियासते कॉलेज झज्जर तृतीय स्थान पर रहा और अंग्रेजी वाद विवाद, विपक्ष मे पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रथम, डीएवी सैंटनरी कॉलेज द्वितीय और सियासते कॉलेज झज्जर तृतीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के प्रवक्ताओं, गैर शैक्षणिक विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से इस तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का समापन अनेका-नेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## FARIDABAD

**अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव (यूथ फेस्टिवल) का शानदार समापन**
**(Mukhi Deepak Kathuria) www.bharatdarshannews.com**



**Bharat Darshan Faridabad News, 12 November 2024 :** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में 10.11.2024 से 12.11.2024 तक चलने वाले तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ( अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़,गवर्निंग बॉडी ) एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता ( महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं डॉ संजीव कुमार गुप्ता (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) के कुशल मार्गदर्शन में एवं स्टूडेंट वेलफेयर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) के प्रायोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस युवा महोत्सव की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेजों ने प्रतिभागिता दर्ज करी। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के समापन दिवस पर 37 कॉलेजो के लगभग 215 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। क्षेत्रीय युवा महोत्सव के समापन दिवस के प्रातः उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री गुलशन लाल तनेजा (रजिस्टरार एम.डी.यू रोहतक) और सम्मानित अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) एवं सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो ए.एस मान (डीन एकेडमिक अफेयर्स एमडीयू रोहतक) सम्मानित अतिथि प्रो राजेश पूनिया (भौतिकी विभाग अध्यक्ष,एम.डी.यू रोहतक) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो गुलशन लाल तनेजा ने अपने संबोधन में अग्रवाल कॉलेज को इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव के भव्य आयोजन  की प्रशंसा करते हुए कहा कि हार भी जीवन में महत्वपूर्ण है क्योंकि वो आपको आगे बढ़ना सिखाती है। योग्यता, कोशिश और नज़रिया सफल जीवन का सूत्र होता है। सामूहिक कार्य के प्रदर्शन के दौरान जरूरी है कि प्रत्येक प्रतिभागी अपना सर्वश्रेष्ठ दे। सम्मानित अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि कॉलेज आगामी समय में और अच्छे परिणामो के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों और कहानियों के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में इन गतिविधियों के महत्व को बताया। विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

तृतीय दिवस के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का बेहतरीन और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया।

सांयकालीन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. ए एस मान ने सर्वप्रथम अग्रवाल कॉलेज को कुशल प्रबंधन के लिए और विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना महत्व शिक्षा का है उतना ही इस प्रकार की गतिविधियों का भी है।  इस प्रकार के कार्यक्रम केवल उनमें कौशल विकास के लिए ही नहीं बल्कि एक बड़े स्तर पर उन्हें  पहचान बनाने के लिए भी जरूरी है। सम्मानित अतिथि प्रो राजेश पूनिया ने सभी प्रतिभागियों के जोश और उमंग की सराहना करते हुए कहा कि इसी जोश और उमंग के साथ कार्य किया जाए तो विद्यार्थी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हार जीत जीवन में लगी रहती है जरूरी है कि युवा प्रत्येक स्थिति मे संतुलन बनाए रखे।

तृतीय दिवस पर विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने रंगोली, कव्वाली, फोटोग्राफी, सामूहिक लोक नृत्य, हरियाणवी सामूहिक गायन सहित कई प्रतियोगिताओ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। माइम में जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद प्रथम, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वितीय और श्रीमती सुषमा स्वराज गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज बल्लबगढ़ के साथ-साथ अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल (नॉन पर्कशन) में पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा गवर्नमेंट पीजी नेहरू कॉलेज झज्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य (पुरुष वर्ग) में अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान फरीदाबाद ने द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान पर के.एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन प्रथम, डी ए वी सैंटनरी कॉलेज द्वितीय और सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल तृतीय स्थान पर रहा। सामूहिक गायन (जनरल) में केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन प्रथम ,पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद द्वितीय और डी ए वी सैंटनरी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। लाइट म्यूजिक वोकल वेस्टर्न सॉन्ग वेस्टर्न (एकल) में के एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन प्रथम, द्वितीय स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ और तृतीय स्थान पर पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद रहा। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट (एकल) में प्रथम स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़, द्वितीय स्थान पर डी ए वी सैंटनरी कॉलेज और तृतीय स्थान पर के एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन रहा।हरियाणवी कविता गायन में डी ए वी सैंटनरी कॉलेज प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग में डी ए वी सैंटनरी कॉलेज प्रथम, वी.ए. एस.एम कॉलेज बहादुरगढ़ द्वितीय और सुषमा स्वराज गवर्नमेंट कॉलेज बल्लबगढ़ के साथ-साथ गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान भी तृतीय स्थान पर रहा। पंजाबी कविता गायन में डी ए वी सैंटनरी कॉलेज प्रथम,गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन फरीदाबाद द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी वाद विवाद (पक्ष)में पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज प्रथम, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल द्वितीय और सियासते कॉलेज झज्जर तृतीय स्थान पर रहा और अंग्रेजी वाद विवाद (विपक्ष)में पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रथम, डी ए वी सैंटनरी कॉलेज द्वितीय और सियासते कॉलेज झज्जर तृतीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के प्रवक्ताओं , गैर शैक्षणिक विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से इस  तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का समापन अनेकानेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

अमर उजाला | फरीदाबाद | नई दिल्ली | बुधवार, 13 नवंबर 2024

# युवा महोत्सव : केएल मेहता दयानंद कॉलेज की टीम तीसरी बार बनी विजेता

## अग्रवाल महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का हुआ समापन

संवाद न्यूज एजेंसी



क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दौरान समूहगान प्रस्तुत करती प्रतिभागी टीम। योगेंद्र शर्मा


फरीदाबाद। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से बल्लभगढ़ अग्रवाल महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का समापन हो गया। इसमें केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय की टीम लगातार तीसरी बार जिला स्तर पर ओवर ऑल विजेता रही। महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने सबसे अधिक पुरस्कार जीते।


युवा महोत्सव के अंतिम दिन कलाकारों ने हरियाणा के लोक गीतों को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा रंगोली व फोटोग्राफी की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। युवा महोत्सव में 40 महाविद्यालय के लगभग 1500 विद्यार्थियों ने 43 स्पर्धाओं में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 37 कॉलेजों के लगभग 215 छात्रों ने महोत्सव में हिस्सा लिया। मंगलवार को महोत्सव के समापन को दो सत्र में बांटा गया। सुबह के सत्र में एमडी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार गुलशन लाल तनेजा मुख्य अतिथि के मौजूद रहे। जबकि शाम के सत्र में एमडी विश्वविद्यालय में प्रशासनिक डीन अफेयर्स प्रो एएस मान और भौतिक विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश पूनिया अतिथि रहे।


रंगोली बनाती छात्रा। संवाद


### माइम स्पर्धा में जिले का नेहरू राजकीय महाविद्यालय प्रथम

क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन माइम स्पर्धा में जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। जबकि पलवल जीजीडीएसडी महाविद्यालय द्वितीय और बल्लभगढ़ श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महाविद्यालय व बल्लभगढ़ अग्रवाल महाविद्यालय सयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहा। क्लासिकल म्यूजिक वादन (नॉन.पर्कशन) में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय प्रथम, बल्लभगढ़ अग्रवाल महाविद्यालय द्वितीय और झज्जर राजकीय पीजी नेहरू महाविद्यालय,तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य (पुरुष वर्ग) में बल्लभगढ़ अग्रवाल महाविद्यालय प्रथम, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान द्वितीय और पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, एकल नृत्य (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान पर केएल मेहता दयानंद महाविद्यालय की टीम रही।


युवा महोत्सव में मुझे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। इस प्रकार की प्रतियोगिता प्रत्येक महाविद्यालय में प्रत्येक छह महीने पर होनी चाहिए। -नेहा, बहादुरगढ़


कलाकार को स्टेज पर प्रदर्शन करने का जुनून होता है। वह हमेशा मौके की तलाश में रहते हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत करते हैं। - दिव्या,पलवल


सांस्कृति कार्यक्रम में पहली बार हिस्सा लेने का मौका मिला है। लोक नृत्य में हिस्सा ले रही हूं। प्रतियोगिता के लिए रोजाना 7-8 घंटे अभ्यास करती रही हूं। -अमृता, पलवल


कलाकारों के लिए मंच पर प्रदर्शन करने से ज्यादा खुशी का मौका और कुछ नहीं हो सकता। यह उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं होता है। -खुशी, फरीदाबाद

हिन्दुस्तान 04
गुरुवार, 14 नवंबर 2024
www.livehindustan.com

# युवा महोत्सव में केएल मेहता कॉलेज ओवरऑल चैंपियन

- जोनलस्तरीय युवा महोत्सव का समापन
- मेजबान अग्रवाल कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में संपन्न हुई जोनलस्तरीय युवा महोत्सव का ओवरऑल चैंपियन केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय को घोषित किया गया। कॉलेज लगातार तीसरी बार चैंपियन बना है। मेजबान अग्रवाल कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा।

बता दें कि हरियाणवी समूह नृत्य का परिणाम घोषित नहीं किए जाने की वजह से मंगलवार को समापन अवसर पर ओवरऑल चैंपियन का ऐलान नहीं किया गया था। बुधवार को निर्णायक मंडल की बैठक में हरियाणवी समूह नृत्य के परिणाम घोषित किए गए। केएल मेहता कॉलेज की टीम प्रथम, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की टीम द्वितीय और डीएवी शताबदी क़ॉलेज की टीम तृतीय रही है। अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इंटर जोन युवा महोत्सव 18 से 20 नवंबर तक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में होगा। इसमें शीर्ष के तीन स्थानों पर काबिज होने वाले विद्यार्थी एवं टीम हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि जोनल युवा महोत्सव में फरीदाबाद-झज्जर जोन के 40 कॉलेजों के छात्र एवं छात्राओं ने 43 इवेंट में हिस्सा लिया था।

# KL मेहता दयानंद महिला कॉलेज बना चैंपियन




**प्रस, फरीदाबाद :** बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में संपन्न हुई जोनलस्तरीय युवा महोत्सव में केएल मेहता महाविद्यालय तीसरी बार ओवरऑल चैंपियन बना। मेजबान अग्रवाल कॉलेज दूसरे स्थान पर है। बता दें कि हरियाणवी समूह नृत्य का परिणाम घोषित नही करने से मंगलवार को समापन अवसर पर ओवरऑल चैंपियन की घोषणा नही की गई थी। बुधवार को निर्णायक मंडल की बैठक हुई। इसके बाद हरियाणवी समूह नृत्य के परिणाम घोषित किए गए। इसमें केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय की टीम प्रथम, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की टीम द्वितीय और डीएवी शताबदी कॉलेज की टीम तृतीय रही है।

ehindustan.com

epaper
हिन्दुस्तान

Share Copy url Save Font Size D'load Image Image Text Listen

बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में तीन दिवसीय महोत्सव संपन्न, 37 कॉलेजों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया

# युवा महोत्सव में नेहरू कॉलेज के छात्रों का दबदबा

**समापन**

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव मंगलवार को संपन्न हो गया। तीन दिवसीय युवा महोत्सव में नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों दबदबा रहा।

युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित युवा महोत्सव की 43 प्रतियोगिताओं में 40 कॉलेजों ने प्रतिभागिता दर्ज कराई। युवा महोत्सव के अंतिम दिन 37 कॉलेजों के लगभग 215 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। तीन दिवसीय युवा महोत्सव में नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों दबदबा रहा।

कॉलेज की टीम अंग्रेजी वाद-विवाद के पक्ष एवं विपक्ष दोनों में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा माइम और क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल (नॉन पर्कशन) में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सामूहिक गायन में दूसरा और वेस्टर्न सॉन्ग (एकल), हरियाणवी एवं पंजाबी कविता गायन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा डीएवी कॉलेज एवं केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालयों की छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। समापन समारोह में एमडीयू के रजिस्ट्रार गुलशन लाल तनेजा मुख्य अतिथि थे। वहीं अग्रवाल कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, एमडीयू के अकादमिक अफेयर्स के डीन प्रो एएस मान और भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेश पूनिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंतिम दिन विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने रंगोली, कव्वाली, फोटोग्राफी, सामूहिक लोक नृत्य, हरियाणवी सामूहिक गायन सहित कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**यह रहे परिणाम :** माइम में पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने प्रथम, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वितीय और श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ एवं अग्रवाल कॉलेज ने संयुक्त रूप तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल (नॉन पर्कशन) में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय कॉलेज ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने द्वितीय तथा झज्जर के राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की एकल नृत्य में अग्रवाल कॉलेज ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान ने द्वितीय और नेहरू कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज, डीएवी शताब्दी कॉलेज और पलवल के सरस्वती महिला महाविद्यालय ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। सामूहिक गायन (जनरल) में केएल मेहता कॉलेज की टीम ने बाजी मारते हुए पहला, नेहरू कॉलेज की टीम दूसरा और डीएवी शताब्दी कॉलेज की टीम तीसरा स्थान प्राप्त किया। लाइट म्यूजिक वोकल वेस्टर्न सॉन्ग वेस्टर्न (एकल) में केएल मेहता दयानंद कॉलेज प्रथम, अग्रवाल कॉलेज द्वितीय और नेहरू कॉलेज तृतीय रहा। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट (एकल) में मेजबान अग्रवाल कॉलेज, डीएवी शताब्दी कॉलेज और केएल मेहता कॉलेज क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा। हरियाणवी कविता गायन में डीएवी शताब्दी ने पहला, राजकीय महाविद्यालय ने दूसरा और नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में डीएवी शताब्दी कॉलेज प्रथम, बहादुरगढ़ स्थित वीएसएम कॉलेज द्वितीय और सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान संयुक्त से तृतीय स्थान पर रहा। पंजाबी कविता गायन में डीएवी शताब्दी कॉलेज पहले, सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय द्वितीय और नेहरू कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी वाद विवाद (पक्ष) में पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज प्रथम, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल द्वितीय और झज्जर स्थित एसआईएएसटीई तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी वाद विवाद (विपक्ष) में नेहरू कॉलेज ने पहले स्थान पर रहा।




बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में युवा उत्सव में मंगलवार को हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में तीन दिवसीय महोत्सव संपन्न, 37 कॉलेजों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया

# युवा महोत्सव में नेहरू कॉलेज के छात्रों का दबदबा

**समापन**

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव मंगलवार को संपन्न हो गया। तीन दिवसीय युवा महोत्सव में नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों दबदबा रहा।

युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित युवा महोत्सव की 43 प्रतियोगिताओं में 40 कॉलेजों ने प्रतिभागिता दर्ज कराई। युवा महोत्सव के अंतिम दिन 37 कॉलेजों के लगभग 215 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। तीन-दिवसीय युवा महोत्सव में नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों दबदबा रहा।

कॉलेज की टीम अंग्रेजी वाद-विवाद के पक्ष एवं विपक्ष दोनों में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा माइम और क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल (नॉन पर्कशन) में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सामूहिक गायन में दूसरा और वेस्टर्न सॉन्ग (एकल), हरियाणवी एवं पंजाबी कविता गायन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा डीएवी कॉलेज एवं केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालयों की छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। समापन समारोह में एमडीयू के रजिस्ट्रार गुलशन लाल तनेजा मुख्य अतिथि थे। वहीं अग्रवाल कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, एमडीयू के अकादमिक अफेयर्स के डीन प्रो एएस मान और भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेश पूनिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंतिम दिन विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने रंगोली, कव्वाली, फोटोग्राफी, सामूहिक लोक नृत्य, हरियाणवी सामूहिक गायन सहित कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में युवा उत्सव में मंगलवार को हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। • सुभाष शर्मा

**यह रहे परिणाम :** माइम में पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने प्रथम, जीवीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वितीय और श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ एवं अग्रवाल कॉलेज ने संयुक्त रूप तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल (नॉन पर्कशन) में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय कॉलेज ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने द्वितीय तथा झज्जर के राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की एकल नृत्य में अग्रवाल कॉलेज ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान ने द्वितीय और नेहरू कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज, डीएवी शताब्दी कॉलेज और पलवल के सरस्वती महिला महाविद्यालय ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। सामूहिक गायन (जनरल) में केएल मेहता कॉलेज की टीम ने बाजी मारते हुए पहला, नेहरू कॉलेज की टीम दूसरा और डीएवी शताब्दी कॉलेज की टीम तीसरा स्थान प्राप्त किया। लाइट म्यूजिक वोकल वेस्टर्न सॉन्ग वेस्टर्न (एकल) में केएल मेहता दयानंद कॉलेज प्रथम, अग्रवाल कॉलेज द्वितीय और नेहरू कॉलेज तृतीय रहा। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट (एकल) में वैशनव अग्रवाल कॉलेज, डीएवी शताब्दी कॉलेज और केएल मेहता कॉलेज क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा। हरियाणवी कविता पाठन में डीएवी शताब्दी ने पहला, राजकीय महाविद्यालय ने दूसरा और नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में डीएवी शताब्दी कॉलेज प्रथम, बहादुरगढ़ स्थित वीएएसएन कॉलेज द्वितीय और सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान संयुक्त से तृतीय स्थान पर रहा। पंजाबी कविता गायन में डीएवी शताब्दी कॉलेज पहले, सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय द्वितीय और नेहरू कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी वाद विवाद (पक्ष) में पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज प्रथम, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल द्वितीय और झज्जर स्थित एसआईएएसटीई तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी वाद विवाद (विपक्ष) में नेहरू कॉलेज ने पहले स्थान पर रहा।



# तीन दिवसीय युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अंतिम दिन 37 कॉलेज के 215 छात्र-छात्राओं ने महोत्सव में लिया हिस्सा, शानदार प्रस्तुति ने मन मोहा

[illegible]




[illegible]



[illegible]



[illegible]



[illegible]

[illegible]

# अंतिम दिन कव्वाली और हरियाणवी ग्रुप डांस से छात्रों ने मचाया धमाल

## जोनल यूथ फेस्टिवल : 1500 से अधिक छात्रों ने अलग-अलग 43 इवेंट्स में दी प्रस्तुति

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फरीदाबाद-झज्जर जोन के तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का समापन बुधवार को संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस फेस्टिवल में 42 कॉलेजों के लगभग 1500 से अधिक छात्रों ने अलग-अलग 43 इवेंट्स में अपनी प्रस्तुति दी। अंतिम दिन 37 कॉलेजों के लगभग 210 छात्रों ने फेस्टिवल में हिस्सा लिया। [illegible]



सेक्टर-2 अग्रवाल कॉलेज के यूथ फेस्टिवल में कव्वाली गाते छात्र







### रंगोली और फोटोग्राफी इवेंट भी करवाया गया



फेस्टिवल के अंतिम दिन मुख्य स्टेज पर हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग इवेंट हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हरियाणा के लोक गीतों को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उसके बाद कव्वाली आयोजित की गई और लास्ट में हरियाणवी ग्रुप डांस में छात्राओं ने खूब ठुमके लगाए। इसके साथ ही रंगोली व फोटोग्राफी इवेंट भी आयोजित किया गया।

### इन्होंने जीते पुरस्कार

हरियाणवी स्किट में अग्रवाल कॉलेज ने पहला, एसडी कॉलेज पलवल ने दूसरा व केएल मेहता दयानंद कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। संस्कृत नाटक में पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज ने पहला, अग्रवाल कॉलेज ने दूसरा व केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। संस्कृत नाटक में अग्रवाल कॉलेज के छात्र को बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया। हिंदी नाटक में डीएवी कॉलेज को पहला, अग्रवाल कॉलेज को दूसरा, राजकीय कॉलेज खेड़ी गुज्जरान व पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज को तीसरा स्थान दिया गया। माइम में पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज ने पहला, एसडी कॉलेज पलवल ने दूसरा, अग्रवाल कॉलेज व श्रीमती सुषमा स्वराज कॉलेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट (नॉन परकशन) में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय कॉलेज ने पहला, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने दूसरा व झज्जर के राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोक डांस मेल में अग्रवाल कॉलेज ने पहला, राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुज्जरान ने दूसरा व नेहरू कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणवी डांस सोलो में केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज पहले, डीएवी शताब्दी कॉलेज दूसरे व पलवल के सरस्वती महिला कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। ग्रुप सॉन्ग जनरल में केएल मेहता कॉलेज की टीम ने बाजी मारते हुए पहला, नेहरू कॉलेज की टीम दूसरा और डीएवी शताब्दी कॉलेज की टीम तीसरा स्थान प्राप्त किया। लाइट म्यूजिक वोकल वेस्टर्न सॉन्ग वेस्टर्न सोलो में केएल मेहता दयानंद कॉलेज पहले, अग्रवाल कॉलेज दूसरे व नेहरू कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो में मेजबान अग्रवाल कॉलेज पहले, डीएवी शताब्दी कॉलेज दूसरे व केएल मेहता दयानंद कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। हरियाणवी कविता पाठ में डीएवी शताब्दी ने पहला, राजकीय महिला कॉलेज ने दूसरा और नेहरू कॉलेज फरीदाबाद तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में डीएवी शताब्दी कॉलेज पहले, बहादुरगढ़ स्थित वीएलएम कॉलेज दूसरे, सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुज्जरान संयुक्त से तीसरे स्थान पर रहा। पंजाबी कविता गायन में डीएवी शताब्दी कॉलेज पहले, सेक्टर-16 ए स्थित राजकीय महिला कॉलेज दूसरे व नेहरू कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। अंग्रेजी स्किट में पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज पहले, सरस्वती महिला कॉलेज पलवल दूसरे व झज्जर स्थित एसआईएसटीई तीसरे स्थान पर रहा। अंग्रेजी स्किट में नेहरू कॉलेज ने पहला, डीएवी शताब्दी कॉलेज ने दूसरा और एसआईएसटीई कॉलेज झज्जर तीसरा स्थान हासिल किया।